प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–26.06.2023 (सं0–324)

वैशाली :–गैस रिसाव

- दिनांक–24.06.2023 की रात्रि लगभग 23.00 बजे औद्योगिक थाना से लगभग 1.5 कि0मी0 पूरब औद्योगिक एरिया में स्थित राज फ्रेश डेयरी में अचानक अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा।
- गैस के रिसाव से वहाँ उपस्थित तथा आस पास के क्षेत्र के लोगों की आँखों में जलन तथा साँस लेने में तकलीफ होने लगी।
- घटना की सूचना मिलते हीं 15 मिनट के अन्दर फायर ब्रिगेड की गाड़ी वहाँ पहुँच गई। डायल 112 की गाड़ी भी तुरन्त पहुँच गई।
- अविलम्ब घटनास्थल पर पुलिस उपाधीक्षक, अनुमण्डल पदाधिकारी तथा थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुँचे। फायर ब्रिगेड के द्वारा पानी का छिड़काव करने से गैस रिसाव में कमी आ गई थी।
- फैक्ट्री में काम करने वाले तथा आस पास के प्रभावित 35 लोगों को अविलम्ब सदर अस्पताल हाजीपुर पहुँचाकर उनकी जान बचाई गई।
- 01 व्यक्ति दीनानाथ प्रसाद (55 वर्ष) सा0 बरबीघा थाना धनरूआ, जिला पटना जो कम्पनी में मैकेनिक थें, बहुत ज्यादा उन्हें गैस लग गई थी, जिससे उन्हें बचाया नहीं जा सका। चिकित्सा के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई।

xxxxxxx